(फसली विभिन्ता को अपनाये ,पंजाब को खुशहाल बनाएं)

सावधान / चेतावनी



Punjab cautions people against fake offices, institutes

Punjab government cautions people against fake Kisan Call Centres

किसान कॉल सैंटरों के नाम पर धोखाधड़ी, जनता सतर्क रहे

सभी नागरिकों के ध्यान हेतु यह सूचित किया जाता है की कुछ धोखा करने वाले असमाजिक लोगों द्वारा अख़बारों/ इंटरनेट / टेलीफोन आदि माध्यम द्वारा बेरोजगार नौजवान एवं लड़कियों को सरकारी विभागों में नौकरी देने का झांसा देकर पैसों की हेराफेरी कर रहे हैं। ये लोग भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के कृषि और दूसरे विभागों के नकली दस्तावेज बनवा कर बेरोजगारों को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। कृषि विभाग,पंजाब को राज्य के जिलों से और पडोसी राज्यों के इलावा इस तरह की शिकायतें मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से भी प्राप्त हुई हैं। ऐसे कई झूठे गिरोह कई राज्यों के बेरोजगारों से राशि के

हेराफेरी करने में कामयाब भी हुए हैं. कृषि विभाग, पंजाब द्वारा पिछले लम्बे समय से प्रिंट /टेलीविज़न /रेडियो एवं और माध्यमो से इस तरह के धोखे के बारे में लोगो को बड़े सतर पर जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग के इन प्रयासों की वजह से काफी सरे बेरोजगार नौजवान / लड़कियां को इस ठगी से बचाया गया है। आप सबको सावधान किया जाता है के ऐसे किसी भी इश्तिहार को देखकर राशि और दस्तावेज जमा न करवाएं। यह धोखा करने वाले तत्व कई नामों से इश्तिहार देते है जैसे की किसान कॉल सेंटर, किसान सेवा केंदर, भारतीय कृषि विज्ञानं केंद्र और किसान हेल्पलाइन सर्विसेज आदि। ये कई अख़बारों और इंटरनेट के माध्यम से इश्तिहार देकर टेलीफोन/ मोबाइल फ़ोन पर इंटरव्यू लेकर नियुक्ति पत्तर भेजने के लिए पैसों की मांग करते है। इसके बाद लैपटॉप एवं सिक्योरिटी राशि के नाम पर 15,000 - 50,000 तक की राशि मांगते हैं। आप सब से निवेदन है की बिना सोच विचार के किसी भी नौकरी के लिए राशि जमा न करवाएं। अगर आपको कोई इस तरह से नौकरी देने की पेशकश करता है तो भारत सरकार यां राज्य सरकार के विभागों /दफ्तरों से संपर्क करके इसकी वैद्ता की पूर्ण जानकारी प्राप्त करें। अगर आपको इसमें धोखा लगता है तो आपके नजदीक के किसी पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत जरूर करें। आप सब से ये भी निवेदन है की कृषि विभाग , पंजाब के इस सन्देश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने में मदद करें. सभी की जानकारी हेतु यह भी सूचित किया जाता है की भारत सरकार के द्वारा चलायी जा रहे किसान कॉल सेंटर में नौकरी के लिए कम से कम योग्यता बी. एस. सी. (कृषि) एवं अलाइड है। केवल भारत सरकार और इफ्फको / इफ्फको किसान संचार लिमिटेड ही

किसान कॉल सेंटर में भर्ती करने के लिए अधिकारित हैं। अगर कोई व्यक्ति अपने स्तर पर किसी झूठे इश्तिहार से आकर्षित होकर बिना किसी विभाग से जानकारी प्राप्त किये राशि जमा करवाता है तो इस के लिए वो खुद जिम्मेवार होगा। इस लिए खुद भी सावधान रहें और अपने आस पास के लोगों को भी इस धोखे के प्रति सावधान करें क्योंकि सावधानी में ही बचाओ है।

जारी करता ,

निर्देशक , कृषि विभाग , पंजाब,

इंस्टीटूशनल साईट नंबर : 204, फेज- 6,

साहिबजादा अजीत सिंह नगर , मोहाली ,

दूरभाष नंबर : 0172-2970609